आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 05.10.2025

समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– पीएम–सेतु योजना देश के युवाओं को दुनिया की कौशल आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करेगी।
- राइफलमैन और कोटद्वार निवासी सूरज सिंह नेगी बारामूला क्षेत्र में देश सेवा करते हुए शहीद। लालपुर गांव में राजकीय सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार।
- सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सैनिकों के कल्याण और सुविधाओं के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।
- भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने 7 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए आधार बायोमेट्रिक अपडेट शुल्क एक वर्ष के लिए माफ किया।
- मौसम विभाग ने 7 अक्टूबर तक राज्य में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया। गढ़वाल मंडल में कल के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट।

पीएम–सेतु योजना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पीएम–सेतु योजना देश के युवाओं को दुनिया की कौशल आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों–आई.टी.आई. का नेटवर्क वर्तमान उद्योग कौशल आवश्यकताओं को पूरा करने और अगले दस वर्षों में भविष्य की मांगों के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। श्री मोदी ने कल नई दिल्ली में कौशल दीक्षांत समारोह के दौरान उन्नत आईटीआई के माध्यम से प्रधानमंत्री कौशल और रोजगार परिवर्तन या पीएम सेतु योजना के शुभारंभ की घोषणा की। श्री मोदी ने देश भर में शिक्षा, कौशल और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए 62 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न युवा–केंद्रित पहलों का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम–सेतु योजना से देश भर के एक हज़ार से ज़्यादा आईटीआई को लाभ होगा।

शहीद

पौड़ी गढ़वाल के कोटद्वार निवासी और राइफलमैन सूरज सिंह नेगी जम्मू–कश्मीर के बारामूला क्षेत्र में भारत माता की सेवा करते हुए शहीद हो गए। उन्होंने सीमा क्षेत्र में क्रॉस फायरिंग के दौरान देश की सेवा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया। सूरज वर्ष 2021 में सेना की गोरखा रेजिमेंट में भर्ती हुए थे। वह दो भाइयों में सबसे छोटे थे।

आज कोटद्वार के लालपुर गांव में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।

इस बीच, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर सूरज सिंह नेगी को श्रद्धांजलि दी। राइफलमैन नेगी के शौर्य और बलिदान को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी वीरता की गाथा हमेशा हमारी स्मृतियों में जीवित रहेगी।

लैंसडाउन छावनी परिषद

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा है कि सरकार सैनिकों के कल्याण और सुविधाओं के लिए निरंतर प्रयासरत है। लैंसडौन छावनी परिषद में चाय पर चर्चा करते हुए श्री जोशी ने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा में सैनिकों की भूमिका सर्वोपरि है। इस दौरान सैनिक कल्याण मंत्री ने अग्निवीर प्रशिक्षुओं से मुलाकात की और उनके प्रशिक्षण की जानकारी ली। उन्होंने प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि देश सेवा के प्रति समर्पण और अनुशासन ही जीवन का मूल मंत्र है। इससे पूर्व श्री जोशी ने आर्मी मेस का निरीक्षण भी किया और सैनिकों के साथ सैन्य जीवन के अपने अनुभव साझा किए। लैंसडौन भ्रमण के दौरान गढ़वाल राइफल रेजीमेंट सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी भी उनके साथ मौजूद रहे।

श्रम और रोज़गार मंत्रालय

देश में पिछले छह वर्षों में लगभग 17 करोड़ नौकरियां सृजित हुई हैं। श्रम और रोज़गार मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश में वर्ष 2017–18 में 47 करोड़ 50 लाख रोजगार सृजन हुआ था जो वर्ष 2023–24 में बढ़कर 64 करोड़ 33 लाख हो गया। इसके अलावा, बेरोज़गारी दर वर्ष 2017–18 में छह प्रतिशत से घटकर 2023–24 में तीन दशमलव दो प्रतिशत हो गई है। इसी अवधि में युवा बेरोज़गारी दर भी 17 दशमलव आठ प्रतिशत से घटकर 10 दशमलव दो प्रतिशत हो गई है। इस बीच, महिलाओं के कार्यबल में भी वृद्धि हुई है और पिछले सात वर्षों में एक करोड़ 56 लाख से अधिक महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों से जुडी हैं। वर्ष 2023–24 में स्व–रोज़गार बढ़कर 58 दशमलव चार प्रतिशत हो गया है।

यूआईडीएआई

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण– यूआईडीएआई सात से 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए आधार बायोमेट्रिक अपडेट शुल्क माफ कर रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि इस आयु वर्ग के लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट शुल्क में छूट पहली अक्टूबर से लागू हो गई है और एक वर्ष के लिए लागू रहेगी। इस निर्णय से देश भर के लगभग छह करोड़ बच्चों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

धराली

उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने कल देर सांय धराली गांव का दौरा कर आपदा प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। हमारे सहयोगी ने बताया कि जिलाधिकारी ने धराली क्षेत्र में आपदा पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा उपस्थित अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश दिए। पेश है एक रिपोर्ट–––

उत्तरकाशी के आपदाग्रस्त धराली में ग्रामवासियों की विभिन्न मांगों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 14 अक्टूबर को गांव में एक विशेष शिविर आयोजित किया जाए, जिसमें प्रभावितों के आवश्यक प्रमाण पत्र मौके पर ही निर्गत किए जा सके। जिलाधिकारी ने शिविर में स्वास्थ्य विभाग, राजस्व, समाज कल्याण, ग्राम्य विकास, पंचायती राज आदि विभागों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने धराली में निर्माणाधीन सेब कलेक्शन और ग्रेडिंग सेंटर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों में गति लाने और तय समयसीमा के भीतर निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

डाक विभाग

डाक विभाग 6 से 10 अक्टूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाएगा। इस दौरान विभाग नागरिकों को डाक सेवाओं, तकनीकी नवाचार और वित्तीय समावेशन से जोड़ने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगा। पेश है एक रिपोर्ट–

राष्ट्रीय डाक सप्ताह की शुरुआत 6 अक्टूबर को "प्रौद्योगिकी दिवस" से होगी, जिसमें डाकघरों में तकनीक आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं और अनुभव साझा किए जाएंगे। 7 अक्टूबर को "वित्तीय समावेशन दिवस" पर डाक चौपालों के माध्यम से पीएलआई, आरपीएलआई और बचत योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और नए खाते खोले जाएंगे। 8 अक्टूबर को "फिलैटली दिवस एवं नागरिक केंद्रित सेवाएं दिवस" मनाया जाएगा। इस दिन विद्यालयों में छात्रवृत्ति योजना और पत्र लेखन प्रतियोगिता पर कार्यक्रम होंगे तथा आधार पंजीकरण शिविर भी लगाए जाएंगे। 9 अक्टूबर को "विश्व डाक दिवस" पर पोस्टर–बैनर प्रदर्शनी, कर्मचारियों के लिए "पोस्टाथॉन" वॉक रिले और वृक्षारोपण कार्यक्रम होंगे। इसी दिन अंतरराष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। सप्ताह का समापन 10 अक्टूबर को "ग्राहक दिवस" के रूप में होगा, जिसमें नुक्कड़ नाटक और अन्य कार्यक्रमों के जरिए जनता और डाक विभाग के बीच सहयोग और विश्वास मजबूत किया जाएगा। डाक विभाग का कहना है कि राष्ट्रीय डाक सप्ताह का उद्देश्य सेवाओं में पारदर्शिता, तकनीक और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना है। आकाशवाणी समाचार के लिए समाचार कक्ष से रविन्द्र सिंह

शैक्षिक सुधार योजना

पौड़ी जिले में बोर्ड परीक्षार्थियों की मासिक परीक्षाओं का केंद्रीकृत मूल्यांकन कर शिक्षा की गुणवत्ता परखने की अभिनव पहल शुरू की गयी है। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने बताया कि बेहतर परिणाम लाने के साथ ही कमजोर प्रदर्शन वाले विद्यालयों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कमजोर प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों की पहचान कर वहां विशेष शैक्षिक सुधार योजना लागू की जा रही है।

मुख्य शिक्षा अधिकारी नागेंद्र बर्तवाल ने कहा कि जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को जिला और राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा, जबकि कमजोर विद्यालयों के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर उन्हें भी समान अवसर दिए जाएंगे।

आईपीएस लोकेश्वर सिंह

उत्तराखण्ड पुलिस के आईपीएस लोकेश्वर सिंह का संयुक्त राष्ट्र से सम्बद्ध अंतरराष्ट्रीय संगठन में चयन हुंआ है। यह चयन एक कठिन और प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के माध्यम से किया गया है, जिसमें विश्वभर के योग्य अधिकारी भाग लेते हैं। लोकेश्वर सिंह वर्तमान में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी के पद पर कार्यरत है। श्री लोकेश्वर सिंह 2014 बैच के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी हैं। उन्होंने पिछले 11 वर्षों के दौरान उत्तराखण्ड पुलिस में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए राज्य की कानून–व्यवस्था, जनसुरक्षा को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अब वे अपनी नई अंतरराष्ट्रीय भूमिका में संस्थागत अखंडता, शांति स्थापना और सतत विकास जैसे वैश्विक उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में योगदान देंगे।

मौसम

और अब एक नज़र मौसम पर... देहरादून स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने 7 अक्टूबर तक राज्य में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। विभाग के अनुसार, आज हरिद्वार, देहरादून, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और नैनीताल में कहीं–कहीं पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। वहीं, कल राज्य के गढ़वाल मंडल में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही, 4 हज़ार फीट और उससे अधिक ऊँचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी के आसार हैं। यही स्थिति 7 अक्टूबर को भी बनी रहेगी।